समाचार
स्वच्छता महाअभियान
रामनगर सुभाष ब्लाक, परसाभांठा में निगम ने चलाई मेगा स्वच्छता ड्राईव
(अपर आयुक्त ने विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर स्वच्छता कार्यो का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश)

कोरबा 20 फरवरी 2025 — स्वच्छता महाअभियान के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पं. रविशंकर नगर जोन के रामनगर, एस.बी.एस. सुभाष ब्लाक वार्ड एवं बालको जोन के परसाभांठा में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर साफ—सफाई के कार्य कराए गए। अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने निगम के अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न बस्तियों का भ्रमण करते हुए स्वच्छता कार्यो का सघन रूप से जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में विगत 25 जनवरी से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में स्वच्छता महाअभियान चलाया जा रहा है, प्रथम चरण में 25 जनवरी से 06 फरवरी तक विभिन्न वार्डो में यह अभियान संचालित किया गया था, तत्पश्चात 17 फरवरी से पुनः अभियान का दूसरा चरण संचालित

हो रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार 20 फरवरी को पं.रविशंकर नगर जोनांतर्गत रामनगर, एस.बी.एस. सुभाष ब्लाक वार्ड एवं बालको जोनांतर्गत परसाभांठा सहित अन्य विभिन्न बस्तियों, पारों व मोहल्लों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, इस दौरान सभी जरूरी संसाधनों का उपयोग करते हुए व्यापक पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य किए गए, नालियों की सतह से सफाई कराई गई, सड़कों की साफ–सफाई के साथ–साथ किनारे में जमी धूल, मिट्‌टी, बर्म, झाड़ी आदि को हटाया गया, साथ ही सफाई के दौरान उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव एवं उसके परिवहन आदि के कार्य एक अभियान के रूप में किए गए।

सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण – अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने निगम के अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों पर स्थित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया। उन्होने शौचालयों की विशेष साफ–सफाई एवं निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सतत रूप से व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश संचालन एजेंसी को दिए। इस दौरान उन्होने शौचालय में संधारित पंजी, वहॉ की साफ–सफाई, हैण्डवाश, साबुन, डस्टबिन सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं व शौचालय की स्वच्छता का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

सड़क, नाली में न डालें कचरा – अभियान के दौरान निरीक्षण पर निकले निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया, उन्होने विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर वहॉ के रहवासियों से आग्रह किया कि वे घरों से निकले कचरे को सड़क, नाली आदि में न डालें, सूखा व गीला कचरा पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही कचरे को दें। उन्होने बस्तियों में स्थित दुकान संचालकों से कहा कि वे अपनी दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा दुकानों में पहुंचने वाले ग्राहकों को डस्टबिन में ही अपशिष्ट डालने को कहें।

स्वच्छता अभियान के दौरान निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चन्द्रा, एम.एल. बरेठ, आकाश अग्रवाल, गोयल सिंह विमल, किरण साहू, एस.सी.सोनी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, उत्तम दास, धनमोहन कुर्रे, पकंज गभेल आदि सहित निगम के सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता कमांडों आदि ने मेगा स्वच्छता ड्राईव में अपनी सहभागिता दी।